हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार,5 जुलाई, 2024



# 80 करोड़ रुपए के भारत ब्रांड चावल की अफरातफरी

## आमजन की बजाए छग और महाराष्ट्र के मिलों में सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

लोगों को सस्ते दाम पर चावल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार ने भारत ब्रांड चावल योजना शुरू की थी। योजना के तहत देशभर में लोगों को 29 रुपए किलो की दर से चावल दिया जाना था। इसके लिए टेंडर कर वेंडरों के माध्यम से सप्लाई होनी थी, लेकिन मुनाफाखोरी के चक्कर में चावल आमजन तक पहुंचने से पहले ही राइस मिलों में डंप हो गया। राजनांदगांव जिले के कोटे का करीब अस्सी करोड़ रुपए का चावल गोंदिया, धमतरी जैसे करीब आधा दर्जन जिलों की राइस मिलर द्वारा उठा लिया गया है। यहीं नहीं पूरे प्रदेशभर में इस तरह के गोरखधंधे को अंजाम दिए जाने की भी शिकायतें सामने आई है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड कृषि उपज के लिए विपणन सहकारी समितियां से संबंधित है। यह कृषि व अन्य वस्तुओं के सहकारी संस्थाओं और सहयोगियों की व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और विपणन के लिए कार्यरत है। कृषि उत्पादों को नामित आउटलेट्स में विक्रय के लिए प्रस्तुत किया जाता है। नाफेड द्वारा इन दिनों उपभोक्ताओं को भारत ब्रांड के नाम पर भारत दाल, भारत चावल तथा आटा उपलब्ध कराया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि राजनांदगांव में विक्रेताओं के माध्यम से शहर व आसपास के क्षेत्र में भारत चावल 29 रुपए किलो की दर पर 10 किलो की बोरी 290 रुपए में, भारत दाल साठ रुपए प्रति किलो की दर पर पांच किलो की बोरी 300 रुपए में तथा भारत आटा साढ़े 27 रुपये की किलो की दर से पांच किलो की पैकिंग में 137 रुपए 50 पैसे में विक्रय किया जाना है। राजनांदगांव शहर में उपभोक्ताओं को केवल भारत आटा सी-मार्ट के माध्यम से विक्रय किए जाने की जानकारी मिली है, परंतु चावल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

### उठ गया पूरा चावल

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले के कोटे में करीबन 29 हजार मीट्रिक टन चावल का एलॉटमेंट किया गया था। इसके विरुद्ध अब तक लगभग चावल का उठाव राइस मिलर द्वारा कर लिया गया है, अब एफसीआई के भंडार गृह में महज 50 क्विंटल चावल ही शेष रह गया है, लेकिन बाजार में आम जनता को यह चावल नहीं मिला और सीधे राइस मिलों में पहुंचा दिया गया।




### इन जिलों में पहुंचा चावल

राजनांदगांव जिले के कोटे में आया चावल यहां से दूसरे शहरों तक पहुंच गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव कोटे के इस चावल को गोंदिया, सूरजपुर, धमतरी, रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग जैसे शहर के राइस मिलर द्वारा उठाया गया है। राजनांदगांव के मिलरो द्वारा भी दूसरे जिलों से भारत ब्रांड चावल लेने की जानकारी मिली है। इस मामले में सही जांच की गई तो बड़ा खेल सामने आने की पूरी संभावना है।

### पैकिंग के लिए जाना था मिल

केंद्र की योजना के अनुसार चावल का टेंडर कर वेंडर नियुक्त किए गए। इन वेंडरों द्वारा भंडार गृह से चावल का उठाव कर राइस मिलर की मदद से 10 किलो की पैकिंग करना था। इस चावल को लोगों को 29 रुपए किलो में बिक्री करना था, खरीदार ग्राहकों से मोबाइल नंबर के साथ ही आधार कार्ड भी लिया जाना है। लेकिन इस पूरे नियम को अनदेखा कर चावल को आमजन की बजाए राइस मिलरों को दे दिया गया।

# चालक ने लगाया ब्रेक, पीछे आ रही ट्रक जा टकराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

नेशनल हाईवे में लापरवाही से भाग रही ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे पीछे आ रही आईसर जा भिड़ी और क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 जुलाई को सुबह छह बजे ग्राम बनभेडी के पास एक 14 चक्का ट्रक जा रहा था। जिसके चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे इसके पीछे आ रही आयसर वाहन उक्त ट्रक में पीछे से जा टकराई। इस दुर्घटना में आईसर वाहन के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी कोमलचंद ने दर्ज कराई है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, •लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, •अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, •बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➜ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➜ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➜ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➜ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365






## खबर संक्षेप

### जीत के लिए हमेशा करें अभ्यास: वैष्णव



**छुरिया।** नवयुवक स्टार क्लब पंडरीपथरा द्वारा आयोजित रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अच्छा खिलाड़ी बनने के लिए निरंतर परिश्रम करना चाहिए। इस अवसर पर शिशुपाल साहू, कुमार साय, गीता लेखराम बघेल, प्रतिमा पटेल, विजय साहू, उषाबाई, विजय साहू, गौकरण सिन्हा, देवीलाल साहू, प्रदीप कंवर, देवकुमार, रतनलाल सिन्हा, राकेश ठाकुर, सुरेन्द्र कुमार, गजानंद साहू, राकेश कुमार, दीपक कुंजाम अन्य मौजूद थे।

### पदोन्नति के लिए शिक्षकों से बेजा वसूली

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति के लिए पात्रता रखने वाले शिक्षकों से संपर्क कर दो से तीन हजार की वसूली किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मनीष पसीने ने बताया कि संघ के प्रयास से जिले में खाली लगभग 165 पदों पर सहायक शिक्षक एलबी से प्राथमिक प्रधान पाठक के पद पर पात्रता रखने वाले शिक्षकों की पदोन्नति काउंसलिंग के माध्यम से किया जाना है। उन्होंने बताया कि कुछ लोग संगठन की आड़ में प्रमोशन करवाने के लिए बेजा वसूली करने में लगे हैं जिससे विभाग की छवि खराब हो रही है। उन्होंने अधिकारियों से दलाली करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

### विधायक हुई समस्याओं से अवगत



**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बुधवार को वार्ड 3 का भ्रमण करके वार्डवासियों से समस्याओं की जानकारी ली है। इस दौरान लोगों ने पुलिया मरम्मत, केदारबाड़ी में सीपीटी नाली की सफाई, गली 6 सीसी रोड की मांग रखा। विधायक श्रीमती बघेल ने जल्द से जल्द करवाने का अश्वासन दिया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, विजय राज चौहान, रामजी तराने, शिशु पाल भारती, प्रकाश महानदी, दिनेश साखरे, अकील कुरैशी, सालिक राम, भाऊदास, दिनेश साखरे, निशा निर्मलकर, संजय फूले, दुलीचंद बड़ोले, बबलू खोब्रागडे आदि उपस्थित थे।

### स्टॉफ कम नहीं करने सांसद ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे अधीन नागपुर मंडल के डोंगरगढ़ स्टेशन अंतर्गत स्टॉफ कम नही करने सांसद पांडे ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। सांसद पांडे ने डोंगरगढ़ रेल्वे मे पहले रेल्वे लॉबी एवं स्टॉफ काफी संख्या में मौजूद था किन्तु लॉबी को स्थानांतरित किया जा रहा है। इसके पहले 25 वर्ष पूर्व भाप इंजन का लोको शेड एवं 2017 में वाशिंग लाईन को स्थानांतरित किया जा चुका है। श्री पांडे ने बताया कि धार्मिक नगरी के रूप में विख्यात डोंगरगढ़ को प्रसाद योजना के तहत पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, एवं डोंगरगढ़ से कटघोरा स्वीकृत नई रेल का विकास होना है। रेल स्टाफ की कमी से शहर एवं आसपास की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी एवं नई रेल लाईन के विस्तार पर भी प्रभाव पडेग़ा।

### नेहरू महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया जारी



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रवीण्यता के आधार पर स्वीकृत सीट का 50 प्रतिशत सीट के लिए प्रथम मेरिट सूची एक जुलाई को जारी कर दिया गया है सूची में शामिल छात्र 8 जुलाई तक प्रवेश ले सकते हैं। द्वितीय मेरिट सूची 8 जुलाई के बाद जारी की जाएगी। प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती ने बताया कि सत्र 2024-25 से महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत अध्ययन-अध्यापन प्रक्रिया संचालित की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को छात्रावास सुविधा उपलब्ध कराने प्रस्ताव पास हो चुका है। छात्रावास भवन निर्माण की प्रशासनिक प्रक्रिया प्रगतिशील है।

### शिविर में मिर्गी रोगियों का उपचार



**अंबागढ़ चौकी।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एम्स नई दिल्ली ने आईसीएमआर परियोजना के तहत मिर्गी के उपचार के लिए विशाल शिविर आयोजित किया। शिविर में 153 मरीजों का पंजीयन किया गया जिसमे पुराने 55 एवं नए मरीजो की संख्या 98 थी। सभी को उपचार परामर्श के साथ एक महीने की दवाई निःशुल्क प्रदान किया गया। शिविर में एम्स नई दिल्ली न्यूरोलाजी विभाग के डा. ममताभूषण सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसआर मंडावी, बीएमओ डा. आरआर ध्रुवे, डॉ मयंक शर्मा, डॉ हेमंत तिवारी, डॉ राहुल रंजन, पूजा भारद्वाज ,संस्कृति यादव, नैना भारद्वाज, नवदीप ठलाल, शीतल मिश्रा, विकास राठौर, बीपीएम विनोद यादव सहित अन्य ने अपनी सेवाएं दी।

## रायपुर से हैदराबाद तक होना है फोरलेन सड़क का निर्माण

# सड़क के लिए कृषि जमीन की बिक्री पर रोक से बढ़ी दिक्कत

## 31 गांव के किसान नहीं बेच पा रहे अपनी जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

केंद्र सरकार की भारत माला परियोजना के तहत रायपुर से हैदराबाद तक फोर लेन एक्सप्रेस वे का निर्माण प्रस्तावित है। प्रशासन ने प्रस्तावित मार्ग के लिए तहसील के लगभग 14 गांव को चिन्हकित कर जमीन की खरीद बिक्री पर रोक लगा दिया है जिससे किसान जरूरत होने पर भी न तो जमीन बेच पा रहे हैं और न कोई अन्य उपयोग कर पा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने भारत माला परियोजना के तहत रायपुर से हैदराबाद तक फोरलेन एक्सप्रेस वे के निर्माण को मंजूरी दिया था। करोड़ो की लागत से बनने वाली यह सड़क अंचल के विभिन्न गाँवो से गुजरने वाली है जिसे देखते हुए प्रस्तावित गावों में जमीन के आबंटन, व्यवसायिक परिवर्तन, गैर क़ृषि परिवर्तन और खरीद फरोख्त पर 31 अक्टूबर 2022 को आदेश जारी कर रोक लगा दिया गया था, जो अब तक जारी है।

### किसानों की उड़ी नींद

करीब दो साल से जमीन की बिक्री पर रोक लगने से प्रस्तावित गाँवो के किसानो की परेशानी बढ़ गई है। अंचल के किसान बेटा- बेटियों के ब्याह, पढ़ाई, उपचार सहित क़ृषि कार्य के लिए जरूरत होने पर भी अपनी जमीन नहीं बेच पा रहे है। वहीं प्रतिबंध लगने के बाद से जमीन का आपसी बंटवारा भी नहीं हो पा रहा है। पता चला है कि बहुत जरूरी होने पर कुछ लोग रिस्क उठाते हुए लिखा पढ़ी कर जमीन का सौदा कर रहे हैं जिससे आने वाले समय मे खरीददारों को परेशानी उठाना पड़ सकता है।



### सवालों के घेरे में रोक

फोरलेन सड़क के डीपीआर के लिए जमीन की बिक्री पर रोक तो दिया गया किन्तु कई गांव में लगी रोक के औचित्य पर सवाल खडे हो रहे है। चिन्हकित कई गांव की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि वहां से सड़क का गुजरना संभव नजर नहीं रहा है। क्षेत्र के ग्राम करियाटोला, मोहड़, माथलडबरी, छुरिया ब्लाक के ग्राम साल्हे, मन्होरा, अछोली से सड़क के गुजरने की संभावना नहीं के बराबर है किन्तु यहां भी रोक लगा दी है। बीते दो साल मे यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि सड़क निर्माण के लिए किस-किस खसरा नंबर की जमीन जरूरत पड़ना है।खसरा स्पष्ट कर शेष जमीन को रोक से मुक्त कर दिया जाता है तो किसानो को काफ़ी राहत मिलेगी।

### रोक नहीं हटी तो करेंगे आंदोलन

भाजपा सरकार ने सड़क निर्माण की आड़ में किसानो को परेशानी में डाल दिया है। सरकार को चाहिए कि व्यापक हितों को देखते हुए शीघ्र यह स्पष्ट करना चाहिए कि किस किस खसरा नंबर की जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। स्थिति स्पष्ट कर शेष जमीन पर लगी रोक का हटाना चाहिए। इस मामले में शीघ्र उचित निर्णय नहीं लिया गया तो किसान आंदोलन किया जाएगा। - **दलेश्वर साहू,** विधायक

### रखा जाएगा किसानों का पक्ष

केंद्र सरकार और सांसद किसानों को लेकर हमेशा से संवेदनशील रहे है। रोक से उपजे संकट के समाधान की दिशा सार्थक पहल की जाएगी। इस संबंध में सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने का आग्रह किया जाएगा ताकि अंचल के किसानो को राहत मिल सके।
- **दिनेश गांधी,** पूर्व अध्यक्ष जिपं

### इन गांवों की जमीन प्रतिबंधित

जानकारी के अनुसार तहसील के अधीन आने वाले ग्राम मोहड़, करियाटोला, माथलडबरी, बेंदरकटा, दर्री, खुज्जी, बघमार, करेठी, भटगुना, नदिया, खुर्सीपार, भाखरी, रीवागहन, कुतुलबोड़ भाठागांव की जमीन बिक्री पर दो साल पहले रोक लगा दिया गया था। इसी प्रकार छुरिया तहसील के अधीन आने वाले ग्राम दैहान, घुपसाल, लाटमेटा, नरेटीटोला, सागर, कुमरदा, आमगांव, भंडारी भरदा, चांदो, मुचेदंड, कन्हारपुरी, पांगारी कला, भेजराटोला, साल्हे, मन्होरा, अछोली, खुर्सीपार में भी प्रतिबंध लगा हुआ है।

## मुक्तिधाम की जमीन पर अतिक्रमण, कार्रवाई नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

चौथना मुक्तिधाम के समीप अवैध कब्जे को लेकर जनप्रतिनिधि पर पैसा लेकर संरक्षण देने का आरोप लगने लगा है। गांव के युवक ने पहले चाय की दुकान शुरू किया था। अब मौके पर पान ठेला के साथ कैरम क्लब भी खोल दिया है। वर्तमान में लंबी चौड़ी जमीन घेरकर बिरयानी सेंटर चला रहा है। दुकान के बढते कारोबार को देखते हुए अन्य लोगो ने लगभग 200 मीटर शासकीय जमीन पर कब्जा करने मटेरियल डंप कर रखा है। इस संबंध में लगातार शिकायत के बाद राजस्व विभाग इस मामले को गंभीरता नहीं ले है। सरपंच कन्हैया वर्मा ने मुक्तिधाम के सामने अवैध कब्जा होने की बात को स्वीकार करते हुए कहा कि अधिकारियों से कार्यवाही करने कहा जाएगा। उन्होंने पैसा लेकर संरक्षण देने के आरोप को झूठ बताया है। उन्होने बताया कि जल्द ही मुक्तिधाम के पास व्यवसायिक परिसर का निर्माण कराकर लोगों को दुकान मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### मेधावी छात्र सिमन्स परीक्षा में प्रथम




**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर गैंदाटोला के 2 बच्चों ने मेधावी छात्र परीक्षा में प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कक्षा चतुर्थ के सिमन्स साहू पिता नकुल राम साहू ने प्रांत में प्रथम एवं कक्षा अष्टम के ग्रीजेश साहू पिता चुम्मन लाल साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। दोनों छात्रों को सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। छात्रों को प्रधानाचार्य चेतन दास साहू, प्रकाश शर्मा, राजूसिंह राजपूत, प्रहलाद मिश्रा, तुलसीदास गुप्ता, मानिक साहू, अगनेश कुमार, प्रेमलाल, रेवाराम सोयम, किशोरकुमार, जयप्रकाश यादव, माया, दमिता, रेशमा ने बधाई दी है।

## जंगल में 52 पत्ती का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

चिल्हाटी थाना अंतर्गत आने वाले गांवों में जुआ का बड़ा खेल चल रहा है। चिल्हाटी और आसपास के जंगल में जुआरियों का आए दिन मजमा लगा रहता है।

जुआ की आड़ में भारी भरकम नाल भी वूसल किया जा रहा है। यहां जुआरियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बताया जाता है कि जुआ के अड्डों में शराब, मुर्गा, नाश्ता, पानी सहित जलपान की व्यवस्था भी उपललब्ध कराया जाता है ताकि खेल में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। जानकारी के अनुसार जुआ के ठिकाने पर एक लोग भी मौजूद रहते है जो हारे हुए जुआरियों को फाइनेंस सुविधा मुहैया कराते है ताकि खिलाड़ी निरंतर जुआ खेल सके।

### सुरक्षा का ख्याल

जुआ खेलने के लिए सबसे पहले खिलाड़ी सुरक्षा पर खास ध्यान दिया जाता है। यहां जुआरियों को पहले ही बता दिया जाता है कि उन्हे पुलिस आदि से कोई खतरा नहीं है। जुआ के खेल में महाराष्ट्र से लेकर अंबागढ़ चौकी तक के लोग शामिल हैं।

### स्वागत के बाद साइकिल वितरण



**छुरिया।** उच्चतर माध्यमिक शाला भोलापुर में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला भाजपा महामंत्री रविंद्र वैष्णव थे। अध्यक्षता हेमलता बंजारे ने किया। विशेष अतिथि देवधर सिन्हा, सरपंच रूखम प्रसाद पांडे, मोहित सिन्हा, शीशपाल साहू, पंचराम साहू, दुकालू साहू, सोहन साहू, हेमलाल चतुर्वेदी, हुमन ठाकुर, मनीराम नेताम, दिलीप पवार, प्यारेलाल विश्वकर्मा थे। इस मौके पर श्री वैष्णव, श्रीमती बंजारे, सरपंच श्री पांडे, शिक्षक कन्हैया टेमरे आदि ने बच्चों को संबोधित किया।स्वागत भाषण प्रचार्य देवांगन ने दिया। इस अवसर पर कक्षा नवमी के बच्चों को मिठाई खिलाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। पुस्तक एवं साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर धनेश पाण्डेय, आंतिबाई साहू, सतीबाई देवांगन, राजबाई साहू, पेमीन नेताम, तिजोबाई साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# नहीं बनी नाली, बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी

## पानी की नहीं हो रही निकासी, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

छुईखदान- दनिया मार्ग अंतर्गत आने वाले ग्राम उदयपुर में नाली के निर्माण को अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने एक माह की अवधि में नाली का निर्माण नहीं होने से चक्काजाम आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

जानकारी के अनुसार एप्रोच रोड के साथ प्रस्तावित नाली को उदयपुर में हेमलाल साहू एवं दो अन्य किसानों के घर के सामने लाकर अधूरा छोड़ दिया गया है। नाली का निर्माण अधूरा रहने पर गत 16 जून को महिला समूह की बैठक आयोजित की गई भी जिसमें प्रस्ताव पारित किया गया कि एक माह के भीतर नाली निर्माण नहीं हुआ तो चक्का जाम किया जाएगा। इस मामले को लेकर पूर्व में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने ज्ञापन सौंपा था, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी, एडीबी एवं राजस्व विभाग ने केवल खानापूर्ति के लिए स्थल निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के बाद नाली निर्माण का प्रारंभ होना चाहिए था परंतु अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है।



### कृषकों को भी परेशानी

नाली निर्माण नहीं होने से किसानों एवं ग्राम वासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम के आधा दर्जन से अधिक किसानों के खेत में पानी भरने से खेती कार्य अवरुद्ध हो रहा है। किसानों ने बताया कि छुईखदान दनिया मार्ग का निर्माण किसानों की लगानी जमीन पर किया गया है। सड़क बनने के पहले ही किसानों को मुआवजा मिल जाना चाहिए था परंतु सड़क निर्माण होने के बाद भी अब तक मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया है। विभाग द्वारा जल्द मुआवजा भुगतान का आश्वासन दिया जा रहा है परंतु मुआवजा नहीं मिल पा रहा है।

### प्रभावित ग्रामीणों ने कहा

ग्राम के सुरेश जंघेल ने बताया कि उन्होंने मकान बनाने के लिए जमीन खरीदा है। नाली निर्माण नहीं होने से मकान बनाने में दिक्कत आ रही है। मकान बनाने से नाली बंद हो सकती है। हेमलाल साहू का कहना है कि नाली निर्माण नहीं होने से कीड़े मकोड़े और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है जिससे ग्राम में संक्रमण फैलने का डर बना हुआ है। गूंजबाई देवांगन ने बताया कि नाली नहीं बनने से वह अपनी दुकान नहीं बना पा रही है। नाली निर्माण नहीं होता है तो वह व्यवस्था देखकर दुकान बनाएगी। उसने बताया कि काम से विलंब होने से 25 हजार कीमत का ईंट खराब हो चुका है। ज्योति शर्मा ने बताया कि महिला समूह ने नाली निर्माण के संबंध में निर्णय नहीं होने पर चक्काजाम करने का निर्णय लिया है।

## 30 सितंबर तक चलेगी लक्ष्य प्राप्त करने मुहिम

# संपूर्णता कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

आकांक्षी ब्लॉक अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संपूर्णता कार्यक्रम का शुभारंभ गुरूवार को अंबागढ़ चौकी जनपद पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। नीति आयोग ने अंबागढ़ चौकी विकासखंड को आकांक्षी विकासखंड के लिए चयनित किया है। विकासखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास के लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करने के लिए 30 सितंबर तक अभियान चलाया जाएगा।

जानकारी के अनुसार अभियान अंतर्गत तीन माह के समस्त गर्भवती माताओं को प्रसव पूर्व देखभाल की व्यवस्था किया जाएगा। पूरक पोषण आहार सभी गर्भवती माताओं को मुहैया कराने का प्रयास किया जाएगा। सभी बच्चों का टीकाकरण, ग्रामीणों के बीपी- शुगर की जांच, स्कूलों में बुनियादी सुविधा, उन्नत कृषि को बढ़ावा, किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण, महिला समूह को रिवाल्विंग फंड्स उपलब्ध कराया जाएगा। गुरूवार को शुभारंभ के मौके पर नीति आयोग के सलाहकार कृष्णकांत शर्मा ने जनपद सीईओ श्रीमती प्रियंवदा को संपूर्णता ज्योति मसाल भेंट किया। उन्होंने विभागीय स्टालों का अवलोकन किया। शुभारंभ मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि शासन जब कोई योजना, नीति लेकर आता है, तो उसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक लाभ पहुंचाना होता है।



### महिलाओं के स्वास्थ्य पर जोर

नीति आयोग के सलाहकार कृष्णकांत शर्मा ने शुभारंभ के मौके पर कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण पर विशेष जोर दिया गया है। कृषि को आधुनिक तकनीकी से जोडने के लिए मृदा परीक्षण किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य तन और स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए निर्धारित छह बिंदुओं पर शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को रिवाल्विंग फंड्स उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बुनियादी सुविधा मुहैय्या कराकर बच्चों का कल्याण किया जाएगा।

### मैराथन दौड़ का आयोजन

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी हेमेंद्र भुआर्य ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व स्कूली छात्र-छात्राओं ने मैराथन दौड़ एवं रैली का आयोजन किया। मैराथन रैली के माध्यम से संपूर्णता अभियान को सफल बनाने के लिए नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पोस्टर प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कुमारीबाई जुरेसिया, नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या रमेश ताम्रकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### सड़क निर्माण में धांधली की कलेक्टर से शिकायत



**मुसराकला।** ग्राम पंचायत छीपा से पलांदुर तक 5 करोड की लागत से निर्माणाधीन मार्ग के निर्माण में धांधली की शिकायत ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से की थी। कार्रवाई नहीं होने के बाद ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। सरपंच ओमप्रकाश लिल्हारे के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में बताया कि नदी में पुल निर्माण एवं नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। 5 करोड रुपए से अधिक के काम में गुणवत्ता में कमी देखा जा रहा है। सीमेंट का मापदंड से कम उपयोग किया जा रहा है। सोल्डर में मिट्टी का उपयोग हो रहा है। मिट्टी डालने से रोड में कीचड़ हो गई जिससे ग्रामीण एवं बच्चों को परेशानी हो रही है। नाली की गुणवत्ता में भी कमी है। ग्रामीणों ने जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप

### पदुमतरा में वृक्षारोपण का आयोजन



**राजनांदगांव**। पदुमतरा में वृहद वृक्षारोपण किया गया। श्रीराम मंदिर परिसर, धान खरीदी केंद्र एवं अन्य स्थान पर वृक्षारोपण किया गया। श्रीराम मंदिर में वृक्षारोपण करते जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति को कम से 2 पेड़ लगाने से लेकर उनकी संपूर्ण जवाबदेही लेनी चाहिए, तभी हमें आगे पर्यावरण को संतुलन करने में मदद होगी। श्रीराम मंदिर में वृक्षारोपण के दौरान सरपंच प्रतिनिधि मोहन साहू, राकेश साहू, सेवक गंधर्व, नागेश साहू, पुण्यात्मा साहू, राकेश गौतम, उत्तम साहू, हरिकिशन सेन सहित अन्य शामिल हुए।

### दो दिवसीय महालक्ष्मी अर्चन 6 से

**राजनांदगांव**। बाल रत्न मंच सेवा समिति के उपाध्यक्ष संदेश जैन एवं सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि शहर में पहली बार दो दिवसीय निःशुल्क कुंडली विश्लेषण शिविर बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है। संयोजक राहुल अग्रवाल आयोजन व अध्यक्ष मयंक कृष्णा शर्मा के नेतृत्व में दो दिवसीय महालक्ष्मी अर्चन कुंडली विश्लेषण शिविर ज्योतिषाचार्य पं. विनोद कुमार दुबे का आयोजन 6 एवं 7 जुलाई को सुबह 10 बजे से अग्रसेन भवन भरकापारा में बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा आयोजित है। आयोजन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उड़ीसा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश एवं अन्य राज्यों के भक्त भी शामिल होंगे। उक्त जानकारी आयोजन समिति के उपाध्यक्ष रितेश यादव एवं सचिव खंडेलवाल ने दी।

### दुकान का शटर उखाड़कर तेल भरा टिन ले भागे चोर

**राजनांदगांव**। रात में दुकान का शटर उखाड़कर चोर भीतर प्रवेश किए और 200 तेल भरा टिन को चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में माय ट्रेडर्स होलसेल किराना दुकान के आधे हिस्से में निर्माण कार्य चल रहा है। उक्त दुकान का बीती रात शटर उखाड़कर चोर भीतर प्रवेश किए और दुकान के अंदर रखे 200 नग विभिन्न कंपनी के तेल टिन कीमती लगभग 2,00,000 रुपए को चोरी कर ले गए। उक्त घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी योगेश कुमार साहू ने दर्ज कराई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। इधर बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भी चोरी की घटना हुई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक नंदई क्षेत्र के आंगनबाड़ी में लगातार चोरी की घटना हो रही है। 19 जून को आंगनबाड़ी में रखा एलईडी टीवी और 40 किलो चावल, 30 जून को आंगनबाड़ी में लगे मीटर उखाड़कर अज्ञात चोर ले गए। घटना की रिपोर्ट प्रार्थिया ने दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 6 को

**राजनांदगांव**। जिला राजनांदगांव योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 6 जुलाई को स्थानीय गायत्री स्कूल में योगासन स्पोर्ट्स की प्रतियोगिता रखी गई है। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने बताया कि योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता सुबह 9 बजे गायत्री स्कूल में दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें राजनांदगांव जिले के लगभग 30 से 40 खिलाड़ी भाग लेंगे। चार विधाओं में आयोजित योगासन के खेल होंगे। इसमें से चयनित खिलाड़ी संभाग और फिर राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लेंगे। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 6 जुलाई को सुबह 9 बजे कलेक्टर संजय अग्रवाल, एनवाईएसएफ स्टेट प्रेसिडेंट गोस्वामी जयंत भारती, समाजसेवी अंजुम अल्वी, समाजसेवी बृजकिशोर सुरजन, समाजसेवी निकुंज सिंघल, समाजसेवी सौरभ अग्रवाल द्वारा किया जाएगा। दोपहर समापन समारोह के अतिथि एडीजे थामस एक्का, सीजेएम अशोक साहू, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण हेमंत रात्रे, एनवाईएसएफ स्टेट सचिव मेजर सिंह एवं समाजसेवी पवन डागा होंगे। प्रतियोगिता की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में एक बैठक बुलाई गई थी। जिसमें प्रो ओंकारलाल श्रीवास्तव, नारायण कन्नोजे, राकेश ठाकुर, लक्ष्मण लोहिया, भोलाशंकर महोबिया, डोमेंद्र देवांगन एवं हेमंत तिवारी शामिल हुए। अध्यक्ष श्री तिवारी ने खेल से जुड़े लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

### डुमरडीहखुर्द में पौधरोपण



**राजनांदगांव**। शासकीय प्राथमिक शाला डुमरडीहखुर्द व ग्राम पंचायत में एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण किया गया। प्रवास बघेल सहायक संचालक दुर्ग संभाग, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, डीएमसी सतीश ब्योहारे, सीएसी पोषण वर्मा, शिक्षक थनवार महिलांगे, भारती नागवंशी, साधना मिश्रा, फिलिस फ्रांसिस, सरपंच मीना नेताम, ग्राम सचिव, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सत्यम शताब्दी पर्व 8 को

**राजनांदगांव**। सत्यम शताब्दी पर्व आगामी 8 जुलाई को सत्यानंद योग आश्रम में मनाया जाएगा। 53 वर्षों से सत्यानंद योग आश्रम में अखंड ज्योत प्रज्वलित हो रही है। 8 जुलाई 1971 को इस ज्योत की स्थापना बिहार योग विश्वविद्यालय के संस्थापक परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती द्वारा की गई थी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर रायपुर नाका स्थित इस आश्रम की इस 8 तारीख को वर्षगांठ मनाई जाएगी। बिहार के मुंगेर स्थित बिहार योग विश्वविद्यालय व योग आश्रम का संचालन वर्षों से परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती कर रहे हैं। 8 जुलाई को विशेष अनुष्ठान, हवन, भजन का कार्यक्रम तथा प्रसादी वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी सत्यानंद योग आश्रम राजनांदगांव द्वारा दी गई।

## राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की

# एसीबी की कार्रवाई से नाराज होकर राजस्व पटवारी संघ ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

हल्का नंबर 11 के पटवारी विवेक परगनिहा के खिलाफ एसीबी की कारवाई को गलत बताते हुए राजस्व पटवारी संघ ने राज्यपाल के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपकर निष्पक्ष जॉच की मांग की है। जिलाध्यक्ष धमेंद्र कांडे, प्रदीप मिश्रा, प्रेम देवांगन, आकाश सिंह राजपूत, सफीर अहमद खान, नवीन बोरकर, लोकेश साहू, शंभवी तिवारी, तारिणी देशमुख, प्रमोद चंदेल, भुनेश्वर वर्मा, सीएल जांगड़े, अंशुमन लोधी सहित अन्य ने कहा कि रानिमं मुढ़ीपार अंतर्गत पह नंबर 11 का पटवारी विवेक परगनिहा 28 जुलाई को प्रकाशपुर के ग्राम पंचायत भवन में बैठकर आय जाति, निवास, राशन व श्रम कार्ड बनाने का काम कर रहा था उसी दौरान किसी व्यक्ति ने उसके टेबल पर पैसा रख दिया। काम में व्यस्त पटवारी ने पहले ध्यान नही दिया और जब पैसा हटा रहा था उसी समय एसीबी ने उसे हिरासत मे ले लिया। संघ सदस्यों ने बताया कि मामले की पड़ताल करने पर मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एसीबी ने पटवारी पर पैसे लेने का आरोप लगाते हुए हाथ भी धुलवाया, लेकिन किसी प्रकार का रंग नही निकला इसके बाद भी उसे गिरफ्तार करके ले गई और घटना के एक सप्ताह होने को है उसे जमानत नही मिल पाई है। संघ सदस्यों ने कहा कि गलत काम करने से मना करने पर कोई भी व्यक्ति कभी भी पटवारी को षड़यंत्र रचकर फंसा सकता है इसलिए असुरक्षा की भावना के चलते वो कार्यालय या पंचातय भवन में बैठने से डर रहे है। रिश्वत लेने का मामला मौके पर प्रमाणित नही होने के बाद भी विवेक परगनिहा की गिरफ्तारी से जिले के सभी पटवारी भयाक्रांत है और काम करने से झिझक रहे है कि उनके साथ भी ऐसी घटना ना हो।

### प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पटवारी पर लगे आरोप गलत

#### साधन संसाधन की मांग नहीं सुन रहा शासन

संघ सदस्यों ने कहा कि भू अभिलेख काम के अलावा शासन स्तर पर उन्हे जो भी जिम्मेदारी मिलती है साधन संसाधन उपलब्ध नही कराने के बाद भी वो पूरी जिम्मेदारी से उसका निर्वहन करते आ रहे है। ब्लाक के लगभग सभी पटवारियों के पास मूल हल्के के अलावा अन्य हल्के का प्रभार होने से काम मे अधिकता हो गई है लेकिन किसानों का समय पर काम हो इसके लिए वो सारी कठिनाईया झेल रहे है। कार्यस्थल पर स्वस्थ माहौल व सुरक्षा की मांग करते हुए कहा कि पटवारी संघ ने कहा कि इससे राजस्व संबंधी कार्यो के बखूबी निर्वहन को लेकर उन्हे स्वतंत्रता से काम करने का अवसर मिलेगा। सभी ने एकमत स्वर मे पटवारी विवेक परगनिहा के उपर लगे रिश्वतखोरी के आरोप की निष्पक्ष जॉच की मांग की है।

#### दस जुलाई से दी आंदोलन की चेतावनी

नामांतरण में भुईयॉ साफ्टवेयर की त्रुटि को लेकर पता चला है कि भीमपुरी पटवारी हल्का नंबर 46 में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें जमीन बेचने के बाद जो खसरा नंबर पहले क्रेता के नाम पर दर्ज था वो बेचने के बाद भी भुईयॉ में दिखा रहा है, लेकिन क्रेता विक्रेता दोनों का नाम गायब हो गया है और दोनों के अलग अलग खसरा नंबर में विभक्त जमीन एक ही खसरा नंबर में मर्ज हो गया है। मामले को लेकर किसान के साथ साथ पटवारी भी परेशान है और लगातार उच्च अधिकारियों को आवेदन देकर त्रुटि सुधार की मांग कर रहे है। मामले मे संघ ने भुईयॉ साफ्टवेयर में 29 बिंदुओं में विसंगतियों विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भुईयां में नित नवीन प्रयोग से किसानों की समस्या बढ़ते जा रही है। संघ ने 9 जुलाई तक उनकी 29 बिंदुओं की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नही होने पर 10 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

#### अधिकारों में कटौती से परेशान हैं पटवारी

राजस्व विभाग में जमीन संबंधी तमाम कामों के लिए किसान का सीधा संपर्क पटवारी से होता है जिसके चलते वो सारे कामों के लिए पटवारी को जिम्मेदार मानते है जबकि वर्तमान परिस्थिति में पटवारी सिर्फ प्रतिवेदन प्रेषित करने के अलावा किसी भी प्रकार से सक्षम नही है। पूर्व मं बंटवारा, नामांतरण, रजिस्ट्री जैसे कामों में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती थी, लेकिन अब सारे दसतावेज आनलाईन होने के कारण सर्वाधिकार एसडीएम, तहसीलदार और नायब के पास आ गया है। भुईयॉ साफ्टवेयर के अस्तित्व मे आने के बाद नामांतरण, बंटवारा, खसरा, बी वन, नक्शा जैसे तमाम प्रकरणों में अंतिम मुहर अधिकारी की लगती है और पटवारियों के पास किसान किताब, अधिकार पुस्तिका के मैनुअल काम के अलावा कोई महत्वपूर्ण काम नही है। इसके अलावा एनआईसी लेबल में त्रुटि को लेकर भी पटवारी को किसानों के आक्रोश का शिकार बनना पड़ रहा है। साफ्टवेयर मे तकनीकी दिक्कत आने पर भी किसान इसके लिए पटवारी को जिम्मेदार मानते है। गौरतलब है कि ब्लाक मे 56 हल्का है, लेकिन 33 पटवारी ही काम कर रहे है जिसके कारण लगभग हर पटवारी के पास मूल हल्के के अलावा अन्य हल्के का प्रभार भी है इससे भी काफी हद तक काम प्रभावित हो रहा है।



### संभाग के सबसे बड़े एस्ट्रोनामी लैब का शुभारंभ आज

**खैरागढ़**। शहर के सबसे पुराने तुरकारी पारा स्थित प्राशा क्रमांक दो के जर्जर भवन में रिनोवशेन बाद तैयार एस्ट्रोनामी लैब का सांसद संतोष पांडेय के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ होगा। कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा होंगी जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में जिपं सभापति घम्मन साहू, जिपं सभापति विप्लव साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवतशरण सिंह, जनपद अध्यक्ष लीला प्रकाश मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष मुरली सिंह वर्मा, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान और वार्ड पार्षद रेखा गुप्ता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### भवन निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग

**राजनांदगांव**। जिले के मनगट्टा के ग्रामीणों ने दुर्ग जिले के हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर मनगट्टा गांव में एक भवन निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग कलेक्टर से की है। ग्रामीणों ने कहा है कि भवन निर्माण के लिए प्रशासन और पंचायत स्तर पर अनुमति नहीं ली गई है। वहीं कृषि भूमि पर भवन निर्माण कार्य किया जा रहा है।

# ईंट लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले के ग्राम पंचयत बोटेपार के ग्रामीण आज हाथों में ईंट लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे थे। यह ग्रामीण प्रशासन के खिलाफ कोई विरोध प्रदर्शन करने नहीं, बल्कि गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार की गवाही के रूप में ईंट लेकर आए थे।

ग्राम पंचायत बोटेपार के पटेल समाज के लोग आज समाज के अधूरे भवन को पूर्ण करने की मांग लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे थे। ग्रामीण यहां अपने हाथों में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य की गवाही देने ईंट लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

इस दौरान पटेल समाज के सोनसाय पटेल ने कहा कि उनके समाज का भवन निर्माण कार्य अक्टूबर माह में प्रारंभ हुआ था। लगभग 8-9 माह बीत जाने के बाद भी अब तक निर्माण कार्य अधूरा है। वहीं भवन में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य करते स्तरहीन ईंट लगाया गया है। उन्होंने कहा कि अधूरे पड़े भवन का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए सरपंच से भी कहा गया, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।

#### कलेक्टर से जांच की मांग

पटेल समाज के लोगों ने कहा है कि भवन निर्माण के लिए स्तरहीन ही ईंट लाया गया था। विरोध के बाद इस ईंट को नहीं लगाने की बात कही गई थी, लेकिन इसके बाद भी इसे भवन निर्माण में लगा दिया गया। पटेल समाज के लोगों ने अपने इस भवन को जल्द पूरा करने को लेकर कलेक्टर से गुहार लगाते इस मामले में जांच की मांग की है।

### गिरजा आज लेंगी शपथ



**खैरागढ़**। नपा अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा के इस्तीफे बाद चार महीनों से खाली नगरपालिका अध्यक्ष पद पर शासन द्वारा अमलीपारा वार्ड 12 भाजपा पार्षद गिरजा चंद्राकर को नए अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी की है जिसके बाद नए अध्यक्ष के रूप में गिरजा चंद्राकर आज दोपहर दो बजे सांसद संतोष पांडेय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में पद की शपथ लेंगी। शपथ ग्रहण समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप मे पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू की उपस्थिति रहेगी। गौरतलब है कि बीते 2 जुलाई को शासन ने पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार रिकार्ड मतों से अमलीपारा वार्ड में जीत दर्ज करने वाली गिरजा चंद्राकर को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है।

# हिट एंड कानून के संबंध में प्रशिक्षण देने की मांग



- नए कानून को लेकर असमंजस में ड्राईवर महासंगठन
- कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नए कानून को लेकर असमंजस की स्थिति से निपटने के लिए छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन के लोगों ने राजनांदगांव कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर हिट एंड रन कानून को समझने प्रशिक्षण देने की मांग की है।

एक जुलाई से देशभर में नए कानून लागू हो गए हैं। इसके बाद हिट एंड रन कानून को लेकर भी ड्राईवरों में इस कानून के अंतर्गत दिए गए प्रावधानों को लेकर संशय की स्थिति है और ड्राईवर असमंजस में नजर आ रहे हैं। ऐसे में ड्राईवर इस कानून के प्रति पूरी जानकारी लेना चाहते हैं, लेकिन इसका प्रशिक्षण सामूहिक रूप से नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन के जिला और ब्लॉक के पदाधिकारी को देने की मांग कर रहे हैं, ताकि यह पदाधिकारी इस कानून के प्रति प्रशिक्षित होकर अन्य ड्राईवर को इस कानून के संदर्भ में प्रशिक्षण दे सकें। छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन के जिला अध्यक्ष हेमनाथ देवांगन का कहना है कि छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन के माध्यम से इस कानून के प्रति ड्राईवरों को जागरूक किया जाए।

#### संगठन के माध्यम से प्रशिक्षण की मांग

ड्राईवर महासंगठन द्वारा ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि संगठन के पदाधिकारी प्रशिक्षण लेने के बाद अगर अन्य ड्राईवरों को प्रशिक्षण देंगे तो ड्राईवर भाई इसे जल्दी समझेंगे और उनकी बातों पर भरोसा भी करेंगे। वहीं इस कानून के प्रति वे सजग होकर कानून का पालन करेंगे और संशय की स्थिति दूर होगी। संगठन द्वारा इस कानून का प्रशिक्षण देकर ड्राईवरों को प्रमाण पत्र दिए जाने सहित आईडी कार्ड देने की मांग भी की गई है।

# रुपए नहीं देने पर नर्सिंग छात्रा को प्रैक्टिकल में फेल करने का आरोप

**देवादा नर्सिंग की छात्रा ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ लगाया आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के देवादा नर्सिंग कॉलेज की छात्रा ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर कॉलेज प्रबंधन पर प्रैक्टिकल में फेल करने का आरोप लगाया है। छात्रा ने कहा है कि कॉलेज द्वारा उससे 5000 रुपए की मांग की गई थी। पैसे नहीं देने पर उसे प्रैक्टिकल में फेल कर दिया गया है।

ग्राम देवादा स्थित सेंट्रल इंडिया कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्रा प्रिया मेश्राम ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ शिकायत की है। कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपते छात्रा ने कहा है कि 6 माह पहले उससे प्रैक्टिकल में पास करने के लिए 5 हजार रुपए की मांग की गई थी और रुपए नहीं देने पर प्रैक्टिकल में फेल करने की धमकी दी गई थी। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, इस वजह से वह 5 हजार रुपए नहीं दे पाई और उसे प्रैक्टिकल में फेल कर दिया गया है। वहीं छात्रा ने कॉलेज के प्रिंसिपल नीलेश मसीह और क्लास टीचर योगेश साहू पर भी जातिवाद के नाम पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।



#### कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

अपने ज्ञापन के माध्यम से छात्रा ने कहा कि पैसे नहीं देने पर उसे प्रैक्टिकल में फेल कर दिया गया है। जिससे उसका एक वर्ष बर्बाद कर भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। छात्रा ने जिलाधीश से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# खनिज संपदा के दोहन में विभाग का संरक्षण

**खैरागढ़**। जिले में खनिज संपदा के दोहन में खनिज विभाग पर संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे लाल ईट भट्टों, अवैध मुरूम खनन, बिना रॉयल्टी के गिट्टी व रेत परिवहन के गोरख धंधा करने वालों को सरंक्षण देने का आरोप लगाते हुए गुलशन तिवारी ने कहा कि अवैध मुरूम खनन के संबंध में 19 और 27 जून के बाद 1 और 3 जुलाई को फोटो वीडियो साथ जिले में कार्यरत खनिज विभाग के अधिकारी को सूचना देने के बावजूद भी कारवाई नहीं होने से स्पष्ट है कि विभाग के संरक्षण में अवैध मुरूम खनन का कार्य जोर शोर से चल रहा है। वही अवैध रूप से संचालित हो रहे लाल ईट भट्टों को लेकर 7 फरवरी को शिकायत होने के बावजूद भी विभाग द्वारा अब तक कारवाई नही किया गया। अवैध ईट भट्टों का संचालन सड़क किनारे उसी रास्ते से हो रहा है जहॉ से रोज खनिज व राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का लगातार आना-जाना रहता है। शिकायत के बाद कारवाई के लिए पहल नही करना पूरे मामले में दोनों विभाग की संलिप्तता को दर्शाता है।

#### हो रही लाखों रुपयों की राजस्व हानि

जिले में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में बड़ी बड़ी गाड़ियां रेत, गिट्टी का परिवहन करती है जिसमे ज्यादातर के पास रायल्टी पर्ची नही होती। विभाग अगर अगर निष्पक्ष जांच करे तो लगभग सभी गाड़ियां सपड़ में आएंगी। कई ऐसे गिट्टी खदान है जिनके पास रॉयल्टी ही उपलब्ध नहीं है बावजूद खनिज विभाग के आशीर्वाद से यह अवैध कार्य फलफूल रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि खनिज विभाग के लापरवाही के वजह से शासन को लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है। जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने आरोप लगाया है कि रेत, गिट्टी, ईट और मुरूम का अवैध कारोबार सत्ता से जुड़े लोग आसानी से कर रहे हैं जिनके ऊपर किसी भी प्रकार के कोई कारवाई नहीं हो रही है। दबाव पड़ने पर अगर गाज गिरती भी है तो गरीब ट्रांसपोर्टर और विपक्ष के नेताओं कार्यकर्ताओं की गाड़ियों को निशाना बनाया जाता है। जिला अध्यक्ष श्री तिवारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि लगातार अवैध तरीके से उत्खनन, अवैध ईट भट्टों के संचालन के संबंध में कारवाई को लेकर आवेदन दिया गया है इसके बावजूद भी कारवाई नहीं की गई है। ज्ञापन सौंपने के बाद भी विभाग हरकत में नही आता तो जिला युंका सड़क पर उतरकर चक्का जाम करेगी।

शोक-संदेश



स्व. संतोष सिंह बघेल

अत्यंत दु:ख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे छोटे भाई संतोष सिंह बघेल स्व. पिता शिवबालक सिंह बघेल का स्वर्गवास दिनांक : 24-06-2024 को हुआ है।
अत: आप निम्न कार्यक्रम में उपस्थित होकर मृतआत्मा को शांति प्रदान करें।

कार्यक्रम
तेरहवीं एवं पगड़ी रस्म : 05-07-2024 दिन-शुक्रवार
स्थान : रामपुर नवागांव, छुईखदान मे रखा गया है।

शोकाकुल परिवार :
विजय सिंह, केदार सिंह, जवाहर सिंह, कमलेश सिंह, सन्नी सिंह, सम्मी सिंह, गजेन्द्र सिंह, अनमोल सिंह एवं समस्त बघेल परिवार।

विनीत :
बड़े भैय्या कन्हैया सिंह बघेल
पुत्र दीपक सिंह बघेल
पुत्र विकास सिंह बघेल

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

## सार समाचार

### लक्ष्मी ने किया राज्य स्तर पर प्रदर्शन



**राजनांदगांव।** राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एक और 2 जुलाई को राजनांदगांव में आयोजित किया गया। उक्त प्रदर्शनी में शा.पूर्व मा.शाला बघेरा की कक्षा 8वीं की छात्रा लक्ष्मी ने ऊर्जा संरक्षण पर आधारित मॉडल मोबाइल चार्जिंग शूज का प्रदर्शन शिक्षिका मधुलिका विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया। इस अवसर पर सतीश ब्यौहरे, भगत सिंह ठाकुर, गुफरान मोहम्मद सिद्दीकी एवं अमिताभ सक्सेना ने छात्रा को बधाई दी।

### भाजपा नेता ने लगाए आरोप



**राजनांदगांव।** भाजपा उत्तर मंडल के उपाध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया ने महापौर हेमा देशमुख और नगर निगम आयुक्त को आड़े हाथ लिया है। भाजपा नेता सुमीत ने आरोप लगाया कि महापौर और आयुक्त शहर के किसी भी विकास कार्य को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। महापौर अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाए रखने के जद्दोजहद कर रही है। वहीं निगम आयुक्त भी भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देकर भ्रष्टाचार में लिप्त है। दोनों की कार्यप्रणाली पर भी सुमीत ने प्रश्नचिन्ह लगाया है। सुमीत ने बताया कि वार्ड 19 में बहुत से निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं। जिसका कई बार निगम प्रशासन को ध्यानाकर्षण कराया जा चुका है, लेकिन निगम प्रशासन का इस ओर ध्यान ही नहीं जाता। वार्ड 19 के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करने में कोई दिक्कत या दबाव वाली स्थिति है तो महापौर और आयुक्त को चाहिए कि वह उस परिस्थिति को वार्ड 19 के लोगों को बीच सार्वजनिक करें। निर्माण कार्य चालू करवाकर निकाय चुनाव तक खत्म किया जाए अन्यथा बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

# गाली-गलौज कर जान से मारने की दी धमकी, आरोपी गिरफ्तार

## आबकारी महकमे के पूर्व लोकेशन इंचार्ज पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जाति सूचक गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले संबंधी शिकायत की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रार्थी धनपत ध्रुव 33 साल निवासी डबरीपारा पेंड्री ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष अमित मिश्रा लोकेशन इंचार्ज राजनांदगांव के खिलाफ जातिसूचक गाली-गलौज किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी।



### जाति सूचक गाली दी

पुलिस के अनुसार प्रस्तुत शिकायत पत्र की जांच उपरांत आरोपी अमित मिश्रा द्वारा घटना दिनांक समय को प्रार्थी धनपत ध्रुव को गोंड़ जाति का होना जानते हुए, जो अनुसूचित जनजाति का सदस्य है, को सार्वजनिक रूप से गवाहों के समक्ष जातिसूचक अश्लील गाली-गलौज कर जान से मरवाने की धमकी देना पाए जाने से थाना कोतवाली में आरोपी अमित मिश्रा के खिलाफ 2 जुलाई को धारा 294, 506 भादवि 3(1) द, 3(1) एक्ट्रोसिटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया था।

### रायपुर में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम गठित कर आरोपी के पतासाजी हेतु उसके निवास गायत्री कालोनी राजनांदगांव रवाना किया गया, जो अपने निवास में उपस्थित नहीं मिलने पर मुखबीर की सूचना पर रायपुर से आरोपी अमित मिश्रा गायत्री कालोनी को अभिरक्षा में लेकर राजनांदगांव लाया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

प्रकरण में एक्ट्रोसिटी एक्ट का धाराएं लगने से प्रकरण की विवेचना पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक करते आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार करने पर आज 4 जुलाई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# बोरी, टेडेसरा में शाला प्रवेश उत्सव



**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी एवं टेडेसरा में आज शाला प्रवेशोत्सव के साथ संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। दोनों ही शालाओं में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को शाला प्रवेशोत्सव को संकल्प दिवस के रूप में मनाने के लिए प्रेरित करते कहा कि आज प्रवेशोत्सव पर छात्र ये संकल्प लें कि आज ही से सालभर के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उन लक्ष्यों को पाने के लिए सालभर पूरी मेहनत एवं लगन से शिक्षा ग्रहण करेंगे।

बोरी के आयोजन में अध्यक्षता तेजराम देवांगन पूर्व जनपद सदस्य ने की। विशिष्ट अतिथि लालाराम देवांगन सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष, हरकराम टंडन पूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष, ग्राम बोरी सरपंच श्रीमती हेमपुष्पा देवांगन एवं गणमान्य नागरिक रतन देवांगन, मोहनलाल देवांगन, कुशाल सिंह, बरातु देवांगन की उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। प्राचार्य श्रीमती अनीता सहारे, शिक्षकगण महेंद्र कुमार देवांगन व्याख्याता, टिकेंद्र साहू, व्यायाम शिक्षक उमेशदास वैष्णव एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभा सरिता लकड़ा व्याख्याता ने किया। ग्राम टेडेसरा के शासकीय स्कूल में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में मुख्य अतिथि श्री यादव के साथ राजनांदगांव ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, खिलेश्वर साहू पूर्व सरपंच, अनिल साहू, रेमन देशमुख, सुदर्शन मानिकपुरी, बलदेव साहू, चौन साहू, जुठेल साहू, अजय साहू पंच, जगदेव साहू पंच, डोमन देशमुख, शत्रुघ्न मानिकपुरी, शिवकुमार यादव, हेमलाल दाऊजी, घनश्याम साहू, अंगद साहू, उपेश कुमार, संध्या पांडे, रेखा पटेल, ग्राम सरपंच दानीबाई साहू, उप सरपंच देवलाल साहू, प्राचार्य दीपक सिंह ठाकुर एवं शाला के सभी शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित रहे। दोनों ही शालाओं में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरित की गई एवं तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर बच्चों का शाला में स्वागत किया गया। दोनों शालाओं में छात्राओं को शासन द्वारा संचालित निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरित की गई और प्रतिभावान विद्यार्थियो को सम्मानित भी किया गया।




# मैराथन दौड़ में शामिल बच्चों को पानी तक नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



जिला प्रशासन मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी के द्वारा सम्पूर्णता अभियान का आयोजन आकांक्षी विकास खंड अम्बागढ़ चौकी में किया गया जिसके तहत आज सुबह आदिवासी वनांचल मुख्यालय में अध्यनरत मासूम छात्र-छात्राओं को मैराथन दौड़ के नाम पर सड़क पर दौड़ाया गया परंतु लचार प्रशासनिक व्यवस्था के बीच दौड़ में थके हुए बच्चो को बिस्किट तो दूर पानी तक नसीब नही हुआ वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्यक्रम के पूरे समय पसीना बहाते रहे प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारियों के लिए प्रांगण में विशिष्ट भोजन का आयोजन रहा।

मिली जानकारी के अनुसार संपूर्णता अभियान के तहत आज सुबह मैराथन दौड़ के नाम पर अंबागढ़ चौकी मुख्यालय के कीड़ा परिसर सहित समस्त स्कूलों मैं अध्यनरत छात्र-छात्राओं को मैराथन दौड़ के नाम पर सुबह 8 बजे बुलाया गया औपचारिकता के बीच निपटे इस कार्यक्रम में अधिकारी कर्मचारियों के लिए विशेष भजन की व्यवस्था रखी गई थी सुबह मैराथन दौड़ मे सड़क मे दौड़ लगाने वाले मासूम छात्र-छात्राओं के लिए बिस्कुट का पैकेट तो दूर पानी की व्यवस्था तक नहीं की गई थी पूरे समय थकान में हलकान बच्चे पानी पानी के लिए तरसते रहे। मैराथन दौड़ पक्ष 11 बजे शुरू होने वाले मुख्य कार्यक्रमो के दौर में जनपद पंचायत प्रांगण में बैठे महिला समूह और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गर्मी से हलाकान पसीना बहाते घण्टो बैठे वक्ताओं के भाषण में ताली बजाते रहे आयोजन स्थल पर ना ही पंखा और नाही कूलर का इंतजाम किया गया था।

### अधिकारी कर्मचारी के लिए विशेष व्यवस्था

आयोजन में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था की गई थी आयोजन पश्चात भूखे प्यासे बच्चे और महिला बाल विकास आंगनवाड़ी सहायिका और कार्यकर्ता आयोजकों को कोसते हुए घर वापस लौटे।

**व्यवस्था की गई थी**

पानी की व्यवस्था की गई थी बच्चे वहां तक नहीं पहुंच पाए प्रशासनिक तौर पर सारी व्यवस्था की गई थी।

- हेमेंद्र भूआर्य, एसडीएम मोहला



स्थापना वर्ष 2014
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।
मोबा. 9340751120, 9131330801
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता: रायपुर रोड, शासकीय पी.जी. कॉलेज के सामने, सृजन ITI के पीछे, कोबिया, बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year

## खबर संक्षेप

### अभाविप के जिला संयोजक बने: तुषार चन्द्रवंशी

**हरिभूमि कवर्धा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रांत अभ्यास वर्ग 27 से 30 जून को धर्म नगरी बाबा भोरमदेव महाराज के पुण्य धरा खेड़ापति बाबा की कृपा पात्र भूमि बुढ़ामहादेव की पावन धरा व मां गंगा की पवित्र सकरी नदी के घाट पर आयोजित प्रांत स्तरीय अभ्यास वर्ग में छत्तीसगढ़ प्रदेश के अभाविप कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। अभ्यास वर्ग में प्रमुख रूप से मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस भाई सुखाडिया ने कार्यकर्ताओं को संगठन के आचार पद्धति एवं आनंदमई सार्थक छात्र जीवन पर कार्यकर्ताओं से संवाद किया। वहीं विदर्भ प्रांत संगठन मंत्री विश्वजीत कराले ने संगठन कार्य के विषय पर छात्र प्रतिनिधि से चर्चा किया, कैंपस कार्य पर भी विस्तृत चर्चा हुई। उक्त अभ्यास वर्ग में छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थें, इस चार दिवसीय अभ्यास वर्ग पूर्णत प्लास्टिक मुक्त रहा वर्ग के तीसरे दिवस कैमिकल मुक्त रहा। ऐसे अनेक प्रयोगों के माध्यम से वर्ग में प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रयास किया गया। साथ ही साथ अभ्यास वर्ग के चौथे दिवस छत्तीसगढ़ प्रदेश नवीन कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रांत सहमंत्री जिले में छात्र शक्ति को एकजुट कर छात्र आंदोलन खड़े करने वाले जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में सेवा के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा देने वाले तुषार चन्द्रवंशी को पुनः जिला संयोजक का दायित्व दिया गया। श्री चंद्रवंशी को जिला संयोजक नियुक्त किए जाने पर विद्यार्थियों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### संपूर्णता अभियान का उद्देश्य आकांक्षी विकासखंड को विकास के उच्चतम स्तर तक पहुंचाना

# कलेक्टर ने रेंगाखार में आकांक्षी विकासखंड अंतर्गत संपूर्णता अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

केन्द्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता वाली आकांक्षी विकासखण्ड के तहत गुरूवार को बोड़ला विकाखण्ड के सुंदूर वनांचल ग्राम रेंगाखार में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर जनमेजय महोबे, निति आयोग आर्थिक अनवेषक आशीष दीवान, वन मंडलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल सहित अतिथियों ने कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित कर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले कलेक्टर श्री महोबे ने रेंगाखार पुलिस थाना परिसर से मशाल जलाकर मशाल यात्रा में शामिल हुए। इसके साथ ही जिले के गणमान्य नागरिक, स्कूली बच्चों सहित जनप्रतिनिधियों ने भी मशाल यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इस दौरान आकांक्षी विकासखंड के तहत संपूर्णता अभियान की रूप रेखा के बारे में विस्तार से जानकारी नागरिकों को दी गई और हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण भी किया गया।

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में आकांक्षी विकासखंड के तहत 500 आकांक्षी विकासखंड का चयन किया है। इसमें जिले के आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहूल्य बोड़ला विकासखण्ड को आकांक्षी विकासखण्ड के रूप में चयन किया गया, यह हमारे लिए गौरव की बात है। गुरूवार को ग्राम रेंगाखार से इस योजना का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य आकांक्षी विकासखंड को विकास के उच्चतम स्तर तक पहुंचाना है। इन क्षेत्रों में शासन की सभी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभन्वित करना है। उन्होंने बताया कि यह अभियान तीन महीने तक चलाया जाएगा। इसमें केन्द्र सरकार द्वारा तीन विषयों में 6 प्रमुख संकेतकों को शामिल किया गया। उन्होने बताया कि आकांक्षी विकासखंड के तहत स्वास्थ्य विभाग, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग और एनआरएमएल के कार्यक्रम और योजनाओं के क्रियान्वयन को फोकस कर पूरा किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न विभागों के संचालित 40 योजनाओं के क्रियान्वयन को भी प्राथमिकता में रखा गया है।

#### कलेक्टर ने मशाल जलाकर मशाल यात्रा का किया शुभारंभ




कलेक्टर ने रेंगाखार पुलिस थाना परिसर से मशाल जलाकर मशाल यात्रा का शुभारंभ किया। इस प्रतिकात्मक आयोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच जागरूकता लाना और लोगों को अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। मशाल यात्रा ने संपूर्णता अभियान कि शुरूआत को एक नई उर्जा और उत्साह के साथ चिन्हित किया। उन्होंने कहा कि मशाल यात्रा का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में जागरूकता बढ़ाना और समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है।

#### स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को किया गया जन-जागरूक

संपूर्णता अभियान कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि और ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ कैसे उठाया जाए, इसके बारे में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। लोगों ने इन स्टॉल्स पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और अपने सवालों के जवाब भी पाए। इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण समुदाय को सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सकेगा।

#### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी जानकारी

संपूर्णता अभियान में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा आकांक्षी जिला के विकास के संबंध में नुक्कड़ नाटक की सुंदर एवं आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ की बैगा बाहूल क्षेत्र की पारंपारिक बैगा नृत्य, देश भक्ति गीत की भी प्रस्तुति दी गई।

## ग्रामीण परिवार को कब मिलेगा पीएम आवास योजना का लाभ?

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

प्रदेश में चुनाव जीतने से पहले भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ की गरीब व ग्रामीण मजदूर परिवार व आम जनता से वादा किया था, कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आती है तो सरकार द्वारा 18 लाख गरीब व मजदूर परिवारों को शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना की सौंगात मिलेगी।



जिस पर छात्र नेता आकाश निषाद नें कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार अपनी वादा से मुकर रहा है, आखिर ग्रामीण किसान, गरीब व मजदूर परिवार को शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना पीएम आवास योजना का लाभ कब मिलेगी? यह प्रश्न वाचक चिन्ह बना हुआ है। आकाश निषाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आम नागरिकों से भाजपा की सरकार वादा खिलाफी करना अच्छी बात नहीं, क्योंकि छत्तीसगढ़ के जनता ने पूर्ण बहुमत से भारतीय जनता पार्टी का सरकार बनाया है, आज भाजपा की सरकार 6 महीना हो गया है लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना पूरी तरह से बंद है? आखिर प्रदेश की गरीब, किसान व मजदूर परिवार को कब प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगी यह सवाल प्रदेश की सरकार से पूछती है आम नागरिक?

## हरमो स्कूल में उमंग व धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरमो मे शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में संकुल संमन्वयक एसके मरकाम, जेपी झारिया, प्रधान पाठक पीएस हरमो, प्रधान पाठक आर गायकवाड़, शिक्षक टिकेश्वर साहू, श्रीमती मोनिका शर्मा, श्रीमती रजनी राजपूत, रजऊ राम साहू, एसएमसी अध्यक्ष यशवंत मेरावी एवं गणमान्य नागरिक तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## गुरुकुल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कराटे इंडिया आर्गनाइजेशन तथा ब्लूम ओलम्पियाड फाउण्डेशन के तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने परचम लहराकर शाला परिवार को पूरे छत्तीसगढ़ में गौरवांवित किए है।

इस कराटे इंडिया आर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में अदिति मानिकपुरी जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान व राष्ट्रीय स्तर की तबला प्रतियोगिता में शब्ददीप सिंह मुटरेजा प्रथम तथा ब्लूम ओलम्पियाड फाउण्डेशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता मे श्रेयांश जैन राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान व सृष्टि चंद्रवंशी तृतीय स्थान प्राप्तकर परचम लहराया।

इन सफल प्रतिभागियों को शिल्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर शाला प्रभारी प्राचार्य ने प्रशन्नता व्यक्त करते हुए छात्र छात्राओं को पढ़ाई-लिखाई के साथ ही साथ सहगामी पाठ्य क्रियाओं में प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को तलाशकर तराशने का भगीरथ प्रयास अनवरत चलता रहता है, यह उसी का प्रतिफल है। जिस पर संस्था के समस्त पदाधिकारियों नें महती उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## राष्ट्रीय रजक महासंघ के डीआर कर्ष संभागीय संरक्षक बनाए गए




**हरिभूमि कुण्डा।** रजक समाज के वरिष्ठ समाजसेवी प्रमुख मार्गदर्शक डी आर कर्ष सेवानिवृत शिक्षक को उनके सामाजिक अनुभव वरिष्ठता के आधार पर राष्ट्रीय रजक महासंघ छत्तीसगढ़ बिलासपुर संभाग के संभागीय संरक्षक के दायित्व निर्वहन के आग्रह पर उनकी सहमति एवं संभागीय अध्यक्ष ईश्वरी कर्ष के अनुशंसा पर राष्ट्रीय रजक महासंघ के जिला स्तरीय सम्मेलन-सम्मान समारोह ग्राम नरियरा जिला जांजगीर चांपा में डीआर कर्ष को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभु नाथ बैठा, तुलसी कौशिक प्रदेश संरक्षक एवं निज सहायक मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, विश्राम निर्मलकर प्रदेश अध्यक्ष व धूर साय निर्मलकर प्रदेश संरक्षक के कर कमल नियुक्ति पत्र प्रदान कर समाज को संरक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त किए। वहीं डीआर कर्ष के संभागीय संरक्षक बनाए जाने पर बिलासपुर, जांजगीर, कोरबा, मुंगेली, पेंड्रा, कबीरधाम जिले के सभी पदाधिकारी में हर्ष का माहौल है। जिनमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष दुजराम रजक, सचिव सखाराम निर्मलकर, कोषाध्यक्ष नारायण रजक, रामशरण रजक, तुलसी निर्मलकर, संतोष निर्मलकर, ओमप्रकाश निर्मलकर, लखन लाल रजक, धनीराम रजक, राजेश रजक, रमेश कर्ष, लक्ष्मण रजक, जिला सचिव श्रवण निर्मलकर, मानुराम रजक, बलदाऊ प्रसाद रजक, विनोद रजक, लखन लाल निर्मलकर, नंदू निर्मलकर, बहोरन कर्ष, श्रवण कर्ष सहित रजक समाज में भारी हर्ष का माहौल है।

## पेण्ड्रीकला में अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

छत्तीसगढ़ में माताओं को जोड़कर छात्र छात्राओं को घर पर पढ़ाई सीखने में सहयोग देने के लिए अंगना म शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत सभी विद्यालयों में पढ़ई तिहार के रूप में मनाया जा रहा है। इस कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला में अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार में माताओं ने विद्यालय पहुंचकर विद्याथियों एवं शिक्षको से पढ़ाई से संबंधित चर्चा-परिचर्चा किया गया।

विद्यार्थियों में शब्द ज्ञान, संख्या ज्ञान को बच्चों से साझा किया गया, माताओं ने स्वयं छात्र छात्राओं को गिनती, वर्णमाला व गीत, कविता सुनाई अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में अच्छी सफलता मिल रही है। विद्यार्थियों को घर में भी संख्या ज्ञान के लिए कोई वस्तुओं को गिनना, बच्चों को घर में गीत, कहानी व कविता सुनाने पर चर्चा किया गया।

इन कार्यक्रमों में बच्चों की उपलब्धि में सुधार के लिए माताओं का योगदान महत्वपूर्ण हो रहा है, पालकों माताओं द्वारा शब्द पहचान पर खेल-खेल के माध्यम से गतिविधि कराई गई। सभी उपस्थित



माताओं को विद्यालय की ओर से एक-एक लेखनी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर, शाला विकास समिति अध्यक्ष राजेश यादव, उपाध्यक्ष ललिता पटेल, शिक्षक भुनेश्वर सिंह चौहान, बुद्धेश्वर राम प्रधान, सुश्री जानकी चुरेन्द्र, पालक-माताएं श्रीमती चंद्रा यादव, श्रीमती ललिता पटेल, श्रीमती कीर्ति महिलांग, श्रीमती मंदाकिनी निर्मलकर, तरण पटेल, श्रीमती सावित्री यादव, श्रीमती पातरा बाई पटेल, श्रीमती चंद्रिका पटेल, श्रीमती लक्ष्मीन कश्यप, श्रीमती ईश्वरी महिलांग, श्रीमती परमेश्वरी पटेल, श्रीमती राजकुमार कश्यप, प्रीतम कश्यप व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पंडरिया सामुदायिक भवन में ब्लॉक स्तरीय प्रवेशोत्सव का आयोजन

**हरिभूमि पंडरिया।** ब्लॉक स्तरीय प्रवेश उत्सव विकासखण्ड पंडरिया के सामुदायिक भवन में मंगलवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा मुख्य रूप से उपस्थित थें। वहीं विकासखण्ड पंडरिया के 506 शासकीय विद्यालय, 78 अशासकीय विद्यालय में 26 जून को विद्यालय में नागरिक, जनप्रतिनिधियों के सानिध्य में प्रवेश उत्सव मनाया गया। आम नागरिकों द्वारा उक्त दिवस को न्योता भोजन का कार्य भी प्रारंभ की गई। ब्लॉक स्तरीय प्रवेश उत्सव उमंग व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा प्राथमिक शाला के छात्र छात्राओं को पाठ्य पुस्तक व निःशुल्क गणवेश वितरण किया गया। साथ ही साथ हाई स्कूल के विद्यार्थियों को भी पुस्तक वितरण की वहीं निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण किया गया। इस प्रकार ट्राई सायकल विकलांग छात्राओं को दी गई। विधायक ने अपने छात्र जीवन की बाते छात्र छात्राओं को साझा की। उन्होने बताया कि शासकीय विद्यालय में पढ़कर मेरे मन की भावनाओं में एक समाज सेवा यह प्रतिनिधित्व करूं उसकी प्रतिभूमि आज मुझे मिला है। उन्होने समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दी।

### जिले के 90 पंचायतों सहित सभी तहसील कार्यालय मुख्यालयों में लगेगा राजस्व शिविर

# जिले में 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप कबीरधाम जिले में आगामी 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस राजस्व पखवाड़ा में जिले में सभी आठ तहसीलों अंतर्गत पटवारी हल्के एवं उनके अधीन आने वाले 90 ग्राम पंचायतों में राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें तहसील मुख्यालय भी शामिल है। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले के सभी तहसील के अतंर्गत राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत राजस्व शिविर के लिए 90 ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर लिया गया, उन्होंने सभी एसडीएम को राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों से लभांन्वित ग्रामों के किसानों को राजस्व शिविर की जानकारी देने और संबंधित कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को राजस्व शिविर के आयोजन की तैयारियां शुरू करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राजस्व पखवाड़ा आयोजन के संबंध में कलेक्टर श्री महोबे 5 जुलाई सुबह 11 बजे जिला कार्यालय के सभा कक्ष में सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और राजस्व निरीक्षकों की बैठक भी लेंगें।

कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि राज्य शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इसके अतर्गत तहसील मुख्यालय सहित पटवारी हल्के एवं 90 ग्राम पंचायत मुख्यालयों का चयन राजस्व शिविर के आयोजन के लिए किया गया है। इस राजस्व पखवाड़ा में राजस्व संबंधित समस्याओं का आवेदन लिए जाएंगे। शिविर में राजस्व से जुड़े प्रकरणों का निराकरण यथा विवादित नामांतरण, बंटवारा, विवादित नामातंरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका प्रदान करना, नक्शा, अद्यतन, बटांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, डिजिटल हस्ताक्षर करना, आधार नंबर एकत्र करना, मोबाईल नम्बर एकत्र करना, अभिलेख शुद्धता, त्रृटि सुधार के आवेदन, व्यपवर्तन, स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य, कोटवारी भूमि के विक्रय की जानकारी, सहित समस्त राजस्व संबंधी प्रकरणों का आवेदन प्राप्त करना एवं निराकरण किया जाएगा।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप



### परिवहन विभाग ने की चालानी कार्यवाही

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर कबीरधाम जिले में लगातार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसके साथ ही यातायात के नियमों के पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्रवाई किया जा रहा हैं। आज पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने नेशनल हाईवे में रोड किनारे खड़े ट्रक पर ई-चालान के माध्यम से करवाई की। इसके साथ ही स्कूल बस में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर मोटर यान अधिनियम का उलंघन करने वाले के खिलाफ कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि परिवहन विभाग और यातायात पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा की दृष्टि से ढाबा किनारे राष्ट्रीय राजमार्ग में अवैध पार्क माल वाहनों पर संयुक्त रूप से जांच करते हुए 17 हजार 900 रुपए की चलानी कार्यवाही की गई। दोनों ओर ट्रक खड़ा होने से कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इससे पूर्व ट्रक ड्राइवर्स और ढाबा संचालकों को चेतावनी दी गई थी, लेकिन सुधार नहीं देखते हुए ई चालान की कार्यवाही की गई, साथ ही ढाबा संचालकों को अपना पार्किंग व्यवस्था करने की चेतावनी दी गई।

### किसानो को बांटे गए निःशुल्क बीज

**कवर्धा।** वनांचल रेंगाखार से दो किलोमीटर की दूरी ग्राम पंचायत सरईपतेरा में किसानों को निःशुल्क बीज वितरित किया गया। क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एनके चौरसिया व भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता कुमान सिंह, हरलाल मरकाम, देवन सिंह, जुगल किशोर कुम्भकार, कमलेश राठौर, गनपत लाल अग्रवाल, गोविन्द यादव ने किसानों को कोदो का बीज वितरण किया। योजना अंतर्गत किसान जय देव सिंह, दयाल सिंह, सोनू निषाद, अनिल परते, नैनसिंह मेरावी, देवी लाल, गंगाराम, पंचू राम, एमन सिंह, दान सिंह, सुकुम सिंह, रूपचंद, अघनू सिंह को कोदो बीज अच्छे किस्म की वितरण किया गया। ग्राम सरईपतेरा के 31 किसानों को शासन के योजना का लाभ उठाया।

### प्रवेश के लिए नामांकन 15 जुलाई तक

**कवर्धा।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए जुलाई 2024 सत्र में ओडीएल व ऑनलाइन मोड में नए प्रवेश में नामांकन, पुनः पंजीकरण (रि-रजिस्ट्रेशन) की तारीख 30 जून से बढ़ाकर 15 जुलाई तक कर दी गई है। नामांकन के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर व पीजी डिप्लोमा एवं छः माह के सर्टिफिकेट कार्यक्रम भी उपलब्ध है।

**समस्याः** बढ़ते यातायात दबाव के बीच बढ़ी सड़क दुर्घटनाओं की आशंका

# बारिश में आवारा मवेशियों का डेरा फिर नगर की सड़कों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में वैसे तो आवारा मवेशियों की समस्या बारह मासी है और वर्षो से व्याप्त इस समस्या का समाधान आज पर्यंत न तो कांग्रेस की सरकार कर पाई है और न ही भाजपा की सरकार।

हां इतना जरूर है कि जब भाजपा सत्ता में थी तो विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस और जब कांग्रेस सत्ता में थी तो विपक्षी दल के रूप में भाजपा ने आम जनो से जुड़ी इस गंभीर समस्या को लेकर जमकर राजनैतिक रोटियां सेंकी। वर्तमान में भाजपा सत्ता में है लेकिन समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। बल्कि वर्षाकाल प्रारंभ होने के साथ ही नगर में आवारा मवेशियों की यह समस्या और भी ज्यादा गंभीर होती दिखाई दे रही है।

आलम ये है कि नगर की प्रायः हर आमदरफ्त वाले मार्ग में आवारा मवेशियों के झुंड धमाचौकड़ी मचाते दिखाई दे रहे है। यहां बताना लाजिमी होगी कि सूखे के दिनों में तो शहर में विचरण करने वाले आवारा मवेशी कहीं भी सूखी जमीन में बैठकर और जुगाली करते आराम फरमा लेते हैं लेकिन बारिश के दिनो में गीली जमीन में इन मवेशियों को भी बैठने में दिक्कत होती है और वे इसके लिए नगर की सूखी सड़कों का चुनाव कर सड़कों में ही डेरा जमा लेते हैं। इन दिनो हो रही बारिश के चलते मवेशियों का डेरा एक बार फिर नगर की सड़कों में दिखाई दे रहा है। जिससे न सिर्फ कवर्धा नगर का आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी हुई है। ऐसे में नगरवासियों ने नगर पालिका प्रशासन के साथ ही शासन प्रशासन से इस स्थाई समस्या के ठोस समाधान की मांग की है।

### सत्ता बदली सरकार बदली लेकिन मवेशी जहां के तहां



यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन के निर्देशानुसार 26 जुलाई से जिले तथा कवर्धा के सभी शासकीय व गैर सरकारी स्कूलों का संचालन प्रारंभ हो चुका है। कवर्धा में शैक्षिणक संस्थानो के खुलने के साथ ही एक बार फिर से शहर की सड़कों में भीड़भाड़ के साथ यातायात का दबाव भी बढ़ गया है। ऐसे में निश्चित रूप से सड़कों में आवारा मवेशियों की मौजूदगी और धमाचौकड़ी न सिर्फ चिंता का विषय है बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका को भी बढ़ाती है। यहीं वजह है कि नगरवासियों द्वारा वर्षो से आवारा मवेशियों से होने वाली समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए शासन-प्रशासन से मांग की जाती रही है लेकिन आज तक इस समस्या को लेकर कोई भी पार्टी की सरकारे कोई कारगर कदम नहीं उठा पाई है। ऐसे में कहना गलत नहीं होगा कि सत्ता बदली सरकार बदली लेकिन मवेशी जहां के तहां है।

## आखिर धर्म नगरी कवर्धा में कब थमेगी गौमाता दुर्दशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा को धर्म नगरी कहा जाता है और इस धर्मनगरी में हमेशा से गौ हत्या बंद करो से लेकर गौ माता की सुरक्षा व संवर्धन को लेकर आवाज बुलंद की जाती रही है। यह वही धर्म नगरी है जहां कांग्रेस शासन काल में गौ माता को सुरक्षा व संवर्धन प्रदान करने के लिए सैकड़ों की संख्या में गौठानो का निर्माण कराया गया था, यह वही धर्म नगरी कवर्धा है जहां वर्तमान भाजपा सरकार ने गौ अभ्यारण बनाने की घोषणा की है और यह वही धर्म नगरी कवर्धा है जहां अभी हाल ही में गौ रक्षकों, बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों ने गौ तस्करी के विरोध में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का करीब 80 गौवंशी के साथ घेराव किया था। लेकिन इसी धर्मनगरी में गुरूवार को बिलासपुर रोड़ स्थिति सकरी नदी सेतु के पास गौ माता की जो दुर्दशा देखने को मिली वह निश्चित रूप से न सिर्फ दिलो दिमाग को विचलित कर देने वाली थी बल्कि तमाम सवाल भी खड़े कर रही थी। बताया जाता है कि यहां बीती रात किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से सड़क में विचरण करने वाली एक गौ माता की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गौमाता का शव सड़क पर ही पड़ा रहा है जिसे गुरूवार की दोपहर कुछ आवारा कुत्ते नौच रहे थे। और मार्ग से आने जाने वाले लोग और आसपास के दुकानदार यह सब देखकर नजरे चुरा रहे थे। इस स्थिति को देखकर सवाल खड़ा होता है कि नगर से गुजरने वाने नेशनल हाईवे 30 में घंटों से पड़े गौ माता के शव को आखिर क्यों नहीं हटाया गया। जबकि सुबह से नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका के सफाई अमले के सक्रिय होने का दावा स्वयं नगर पालिका प्रशासन और नगर पालिका के ओहदेदार जनप्रतिनिधि करते हैं। सवाल यह भी उठता कि क्या नगर के भीतर सड़क किनारे पड़े गौ माता के इस शव पर धर्म नगरी के किसी गौ रक्षक की नजर नहीं पड़ी। सवाल उन लोगों की संवेदना पर भी खड़े होते हैं जो गौ माता को पूजते तो हैं लेकिन गौ माता की इस तरह की दुर्दशा को देखकर नजरे चुरा लेते हैं। जबकि इस घटना स्थल के आसपास दर्जनो की संख्या में छोटी बड़ी दुकाने संचालित हैं। ट्रांसपोर्ट नगर होने के कारण दिनभर यहां लोगों का जमघट लगा रहता है लेकिन किसी ने भी गौ माता के शव को सड़क से हटवाने अथवा उनका अंतिम संस्कार कराए जाने की पहल नहीं की। निश्चित रूप से यह अमानवीय कृत्य धर्म नगरी की पहचान के लिए ठीक नहीं है।

## नवीन बाजार से बाइक पार करने वाले दो गिरफ्तार

### आरोपियों के कब्जे से दो बाइक जब्त




- मामले की जांच के लिए गठित की गई थी विशेष टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर के नवीन बाजार से मोटर सायकल चोरी करने वाले तीन आरोपियों को कवर्धा कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए इन आरोपियों के पास से चोरी की दो नग मोटर सायकल भी बरामद की है।

इस संबंध में कवर्धा कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 25. अप्रैल 2024 एवं 13 जून 2024 को प्रार्थियों द्वारा अपनी-अपनी मोटर सायकल होण्डा साईन क्रमांक सीजी 09 जेजी 1842 एवं मोटर सायकल स्पलेन्डर प्रो क्रमांक सीजी 07 एबी 0518 को कवर्धा नगर के नवीन बाजार कवर्धा से अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी किए जाने की रपट कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराई गई थी।

जिस पर कवर्धा कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ क्रमाशः अपराध क्रमांक 437/2024 धारा 379 भादवि एवं अपराध क्रमांक 438/2024 धारा 379 भादवि पंजीबद्व कर मामले को विवेचना में लिया था। चोरी के इस मामले को सुलझाने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार(भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक/क्राईम) प्रतीक चतुर्वेदी के द्वारा थाना एवं सायबर सेल की विशेष टीम भी गठित की गई थी।

बताया जाता है कि जांच टीम को विवेचना के दौरान इस बात की जानकारी मिली की आरोपी राजा सारथी पिता संतोष सारथी आयु 19 साल निवासी लोहारा नाका भाजपा कार्यालय के पीछे कवर्धा थाना कवर्धा, संजय धुर्वे पिता धूरसिंह धुर्वे आयु 21 साल निवासी जुनवानी थाना कवर्धा एवं अपचारी बालक द्वारा नवीन बाजार कवर्धा से दोनों मोटर सायकल चोरी की है। जिसके बाद पुलिस ने इन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिस पर आरोपियों ने चोरी की बारदात को अंजाम दिया जाना कबूल कर लिया।

पुलिस ने इन आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की दोनो मोटर सायकल भी बरामद कर ली और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक सुनील माहिरे, बालक दास टंडन, चुम्मन साहू आरक्षक गज्जू राजपूत, अमित गौतम, शैलेन्द्र निषाद, उमाशंकर साहू, विलकेश कोसरिया, सुनील चंद्रवंशी ने सराहनीय भूमिका निभाई है।

## नगर में फिर सामने आया भ्रूण हत्या का मामला

- समनापुर पुल के नीचे सकरी नदी के तट में पड़ा मिला मानव भ्रूण, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा नगर में एक बार फिर भ्रूण हत्या का मामला सामने आया है। जिसमें कवर्धा कोतवाली पुलिस ने स्थानीय नगरवासियों की सूचना पर समनापुर मार्ग के पास सकरी नदी तट से एक मानव भ्रूण बरामद किया है। पुलिस अब भ्रूण जप्त कर मामले की जांच कर रही है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अमानवीय कृत्य को किसने अंजाम दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह नगर के कुछ बच्चे स्थानीय सकरी नदी में मछली पकडऩे गए थे।



इसी दौरान उन्हें समनापुर मार्ग के पास सकरी नदी के किनारे पॉलिथीन में मानव भ्रूण दिखाई दिया। जिसे देख बच्चे सोर मचाने लगे। उनका हो हल्ला सुनकर जब मोहल्लेवासी मौके पर एकठ्ठा हुए तो उनके होश उड़ गए। नदी किनारे एक 5-6 माह के बच्चे का भ्रूण पड़ा था। इसकी सूचना उन्होने तत्काल कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ करने के बाद भ्रूण को जप्त कर लिया और अपने मामले की जांच की जा रही है। लेकिन अभी तक इस बात की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है कि इस अमानवीय कृत्य को किसने अंजाम दिया है। माना जा रहा है कि किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा समनापुर पुल से गुजरने के दौरान इसे नदी में फेंका है। हालांकि यहां बना लाजिमी होगा कि कवर्धा नगर में भूरण हत्या का यह कोई पहला मामला नहीं है इससे पूर्व भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं और इसे विडंबना ही कहें आज तक ऐसे किसी भी मामले में पुलिस आरोपी तक नहीं पहुंच पाई है।

## प्राथमिक प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति की सूची शीघ्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सतत प्रयास से जिले में कार्यरत सहायक शिक्षकों की प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति की सूची शीघ्र ही जारी होगा. एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि पदोन्नति पश्चात पदांकन के लिए स्कूल चयन की कार्यवाही काउंसिलिंग के माध्यम से होगा। विगत दिनों एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की डीईओ से हुए चर्चा उपरांत एक अप्रैल 2024 की स्थिति में सहायक शिक्षकों की अनंतिम वरिष्ठता सूची में दावा-आपत्ति लेने के बाद अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। अब डीईओ कार्यालय द्वारा अंतिम वरिष्ठता सूची के क्रमांक एक से 100 तक के सहायक शिक्षकों की जानकारी लिया जा रहा है, ताकि काउंसिलिंग का क्रम निर्धारित किया जा सके। काउंसिलिंग के लिए प्राथमिकता क्रम निर्धारित रहेगा, जिसके अनुसार क्रमशः महिला दिव्यांग, पुरुष दिव्यांग, महिला गंभीर बिमारी, पुरुष गंभीर बिमारी, शेष महिला, शेष पुरुष को स्कूल चयन के लिए क्रम से बुलाया जाएगा। गंभीर बिमारी के लिए जिला मेडिकल बोर्ड से प्रदत्त प्रमाण पत्र तथा दिव्यांग हेतु सक्षम अधिकारी से प्रदत्त प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, राजेश तिवारी, हेमलता शर्मा आदि पदाधिकारियों ने कहा कि कोई भी सहायक शिक्षक किसी के बहकावे में न आवें, स्कूल का चयन काउंसिलिंग में पारदर्शिता के साथ होगा।

## भेलकी के सेल्स मैन ने चावल की जगह बांटी गरीबों को कनकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के ग्राम भेलकी में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सेल्समेन द्वारा गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले राशनकार्डधारियों को फोर्टीफाइड चावल की जगह खंडा चावल वितरण किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि इस बात की शिकायत सामने आने के बाद अब जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक ग्राम भेलकी में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का सेल्समेन स्वयं खण्ड चावल लेकर आया था और उसने शासन द्वारा राशन कार्डधारियों को वितरण के लिए सप्लाई किए गए फोर्टीफाइड चावल को अपने पास रखकर कम कीमत वाले खण्डा चावल का वितरण कर दिया। माना जा रहा है कि सेल्स मेन द्वारा इस कृत्य को अवैध रूप से आर्थिक लाभ अर्जित करने के लिए किया गया है। जिसकी शिकायत सामने आने के बाद अब कलेक्टर ने संबंधित विभाग को जांच के आदेश दिए है।



### जरूरतमंद दिव्यांग बच्चों को मिले उपकरण

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार गुरूवार को विकासखण्ड कवर्धा के विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को उनके आवश्यकता अनुसार उपकरण श्रवणयंत्र, वॉकर, मैग्नीफायर ग्लास, एमआर कीट, होमबेस्ड कीट, सीपी व्हीलचेयर, ट्रायसायकल, व्हीलचेयर आदि उपकरण वितरण किया गया। जिसे लेकर लाभान्वित बच्चों में भारी खुशी देखने को मिली। माना जा रहा है अब इन बच्चों को अपनी गतिविधियों को बेहतद करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर एपीसी राकेश चन्द्रवंशी, राजू चन्द्रवंशी, बीईओ संजय कुमार जायसवाल, बीआरसी जलेश चन्द्रवंशी, पूर्व क्रीडा अधिकारी हाफिज कुरैशी, बीआरपी होमबाई साहू सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**ठगे गए बहरमुड़ा के सब्जी उत्पादक किसानों ने कलेक्टर से की शिकायत**

## घटिया फूलगोभी बीज से किसानों को लाखों का नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नकली बीज और नकली खाद के नाम पर अंचल के किसान किस तरह से ठगे जा रहे हैं इसकी एक बानगी जिले के विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम बहरमुड़ा में देखने को मिली। यहां के सब्जी उत्पादक कई किसान घटिया दर्जे के फूलगोभी के बीजों के नाम पर ठगी का शिकार हुए हैं।

जिससे इन पीड़ित किसानो को लाखो का नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित किसानो ने अब पूरे मामले की लिखित शिकायत जिला कलेक्टर को आवेदन सौंपकर की है। जिस पर कलेक्टर ने किसानो को जांच व कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

इस संबंध में ग्राम बहरमुड़ा के सब्जी उत्पादक किसान परषोत्तम निर्मलकर, चित्रेन कश्यप, टेकू कश्यप, भरत कश्यप, परषोत्तम यादव, किशुन साहू, राज रजक सहित अन्य किसानो ने बताया कि उन्होने हाल के महिनो में थान खम्हरिया में संचालित वर्मा कृषि केन्द्र से नोबल कम्पनी का हैप्पी 101 किस्म के फूलगोभी बीज लिए थे और फूलगोभी की पैदावार के लिए करीब 30 एकड़ में फसल लगाई थी। लेकिन इन किसानो का आरोप है कि इस बीज से फूलगोभी के जो पौधे तैयार हुए उनमें आधे से ज्यादा पौधों में फूल ही नही आए और जिनमें आए भी तो उनका रंग भूरा तथा अजीबो गरीब था।

जिसे सब्जी मण्डी में कोई भी खरीदने को तैयार नहीं है। ऐसे में इन सब्जी उत्पादकों को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित किसानो ने बताया कि गुरूवार को जब वे अपनी गोभी की फसल को कवर्धा सब्जी मण्डी में ले गए तो दलालों द्वारा फूलगोभी की क्वालटी को देख उसकी बोली ही नहीं लगाई। जिसके बाद उन्हें अपनी फसल को फेंकना पड़ गया।

जिसके बाद नाराज किसानो ने अब इस मामले की शिकायत कवर्धा कलेक्टर से की है। जिस पर कलेक्टर ने मामले की जांच तथा कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

## बारिश में दलपुरवा का हालबेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम सैगोनाडीह के आश्रित ग्राम दलपुरवा का मानसून की सक्रियता के बाद हालबेहाल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सीसी रोड़ तथा पक्की नालियों के आभाव में पूरे गांव की कच्ची गलियों में पानी भरा हुआ है और गलियां कीचड़ से लथपथ हो चुकी है। उन्होने बताया कि गांव की एक गली में तो करीब एक से डेढ़ फीट तक पानी भरा हुआ है। वहीं गांव में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला पहुंच मार्ग भी कीचड़ और बारिश के पानी से सराबोर है। जिसके चलते ग्रामीणों के साथ ही स्कूली बच्चों को स्कूल आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बतया कि वे वर्षो से गांव में पक्की



सड़क व पानी निकासी के लिए पक्की नाली की मांग ग्राम पंचायत से लेकर जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य तथा क्षेत्रीय विधायक के साथ ही शासन-प्रशासन से करते आ रहे हैं लेकिन उनकी इस मांग पर आज पर्यंत किसी ने भी ध्यान नहीं दिया है। जिसका खामियाजा हर साल वर्षाकाल के दौरान ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के तथा कथित ग्राम विकास के दावों की पोल खोलते हुए कहा कि सत्ताधारी दल और उनके नुमाईदे विकास के नाम सिर्फ गाल बजाते हैं जबकि हकीकत ये है कि जिला मुख्यालय कवर्धा से लगे हुए ग्राम दलपुरवा का हालबेहाल है जिसकी स्थिति को देखकर समझा जा सकता है कि जिले के वनांचल और अंदरूनी ग्रामों का हाल क्या होगा। उन्होने शासन-प्रशासन से ग्राम दलपुरवा की व्यवस्थाएं दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।